बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 57/2024, व्याख्याता, माईनिंग इंजी॰

लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा

विज्ञापन संख्या 57/2024 के अंतर्गत विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता, माईनिंग इंजी॰ के कुल 06 (छः) पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर दिनांक 13.03. 2025 को अपलोड कर दिया गया है, जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

अभ्यर्थी e-Admit card डाउनलोड करने के समय यह सुनिश्चित करेंगे कि Roll No. के समक्ष Bar-Code निश्चित रूप से अंकित रहें, Bar-Code अंकित/स्पष्ट नहीं रहने पर पुनः Browser बदलकर डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। e-Admit card पर अंकित "आवश्यक निर्देश" को उम्मीदवार ध्यान से पढ़ेंगे और उसका अक्षरशः अनुपालन करेंगे।

उक्त परीक्षा के कतिपय अभ्यर्थियों का उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर का ईमेज अस्पष्ट/अपठनीय एवं रिक्त है। वैसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कागजात/साक्ष्य, परीक्षा की निर्धारित तिथि 20.03.2025 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगेः–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को पूर्णरूप से भरकर उनके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित रंगीन फोटो चिपकायेंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करेंगे।
2. राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित दो रंगीन फोटो में से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई–प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकायेंगे। दूसरा फोटो ई–प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी पहचान के लिए e-Admit card में अंकित पहचान पत्र (Photo ID) के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
4. केन्द्राधीक्षक द्वारा अभ्यर्थी से प्राप्त उपर्युक्त सभी कागजातों एवं फोटो का मिलान/सत्यापन करने के पश्चात ही उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी।
5. उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे।

नोटः– विहित घोषणा पत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

17/3/25

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना